मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-277
05/09/2024

# मुख्यमंत्री ने भोजपुर जिला में कई विकासात्मक योजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास एवं निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का किया निरीक्षण

पटना 05 सितम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज आरा (भोजपुर जिला) के जीरो माइल में निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री संजय कुमार सिंह ने मास्टर प्लान के जरिए निर्माण कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल का भवन भूकंपरोधी बनाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राजकीय अस्पताल का निर्माण कार्य 15 अगस्त 2025 से पहले पूर्ण करें। अधिकारी निर्माण कार्य की सतत् निगरानी करते रहें ताकि निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। इस अस्पताल का निर्माण पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को चिकित्सकीय सेवा में और सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने भोजपुर जिला में कुल 41 करोड़ 63 लाख 86 हजार रूपये की योजनाओं का उद्घाटन किया तथा 62 करोड़ 66 लाख 57 हजार 650 रूपये की योजनाओं को शिलान्यास किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर में राजकीय बुनियादी 10+2 विद्यालय का उद्घाटन किया और निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 50 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साईकिल प्रदान किया साथ ही मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत 10 आवेदकों को चाभी प्रदान किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बखोरापुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि बखोरापुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अच्छा बना है। यहां सारी व्यवस्थाओं को इसी तरह बनाए रखें ताकि मरीजों को सभी प्रकार की सुविधायें उपलब्ध रहे।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने आदर्श ग्राम पंचायत सरकार भवन, बखोरापुर का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया और नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने 6.52 करोड़ रुपए की लागत से भोजपुर जिला में नवनिर्मित मॉडल थाना, हसनबाजार का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया तथा 16.07 करोड़ रुपए की लागत से भोजपुर जिला में निर्मित होनेवाले दो थाना भवन सहित कुल 12 पुलिस भवनों का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय शालीग्राम सिंह का टोला, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बखोरापुर, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय केशोपुर बकरी, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय जंगल दावा, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय लालू के डेरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अगियांव, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गड़हनी, सामुदायिक

स्वास्थ्य केन्द्र कोईलवर, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजीमाबाद किरकिरी, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर इचरी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर वेरई, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर महुआंव तथा शैय्या वाले प्री–फैब फील्ड अस्पताल का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने ख्वासपुर थाना भवन एवं आउट हाउस तथा बबुरा थाना भवन एवं आउट हाउस के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने आरा मुफस्सिल थाना, आरा नवादा थाना, आरा नगर थाना, कोईलवर थाना, बड़हरा थाना, जगदीशपुर थाना, पीरो थाना, अजीमाबाद थाना, उदवंतनगर थाना एवं शाहपुर थाना में 20 सीटेड महिला बैरक के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, भोजपुर का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक कार्यों को लेकर लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 105 लाभुकों को चाभी प्रदान किया। सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 600 लाभुकों को 1 करोड़ 84 लाख 36 हजार रूपये की राशि का सांकेतिक चेक प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री तालाब मात्सियकी विकास योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के 8 लाभुकों को, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के 110 लाभुकों को सांकेतिक चेक तथा 1020 भूमिहीनों को पर्चा वितरण किया गया। बिहार लघु उद्यमी योजना के प्रशिक्षण प्राप्त करनेवाले उद्यमियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के 5 लाभुकों को द्वितीय किश्त की राशि का चेक प्रदान किया गया साथ ही मुख्यमंत्री स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लाभुकों को भी मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक प्रदान किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जय मां काली बखोरापुरवाली माता का दर्शन किया और पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे, विधायक श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, विधान पार्षद श्री भगवान सिंह कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरबरे, शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री नवीन चंद्र झा, भोजपुर के जिलाधिकारी श्री राजकुमार, पुलिस अधीक्षक श्री प्रमोद कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******